हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 122, पृष्ठ 4, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 17 अक्टूबर, 2021 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## सितंबर 2022 में होंगे कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव

### आजाद बोले- हमें सोनिया गांधी जी पर पूरा भरोसा है और कोई भी उनके नेतृत्व पर सवाल नहीं उठा रहा

नई दिल्ली। अक्टूबर में कांग्रेस पार्टी को अपना नया अध्यक्ष मिलेगा जाएगा। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव सितंबर में होंगे। कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद ने सीडब्ल्यूसी की बैठक के दौरान कहा कि हमें सोनिया गांधी जी पर पूरा भरोसा है और कोई भी उनके नेतृत्व पर सवाल नहीं उठा रहा है। वहीं, कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के असंतुष्ट नेताओं को जवाब देते हुए पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि मैंने हमेशा स्पष्टता की सराहना की है। मीडिया के माध्यम से मुझसे बात करने की कोई जरूरत नहीं है। अपने उद्घाटन भाषण में सोनिया गांधी ने कहा कि पूरा संगठन कांग्रेस को पुनर्जीवित करना चाहता है, लेकिन इसके लिए एकता और पार्टी के हितों को सर्वोपरि रखने की जरूरत है। सबसे बढ़कर, इसके लिए आत्म-नियंत्रण और अनुशासन की आवश्यकता होती है। कार्यसमिति की बैठक में पार्टी अध्यक्ष समेत संगठन चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला लिया जा सकता है। इस बैठक में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मौजूद हैं। अपने उद्घाटन भाषण में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि पूरा संगठन कांग्रेस को पुनर्जीवित करना चाहता है, लेकिन इसके लिए एकता और पार्टी के हितों को सर्वोपरि रखने की जरूरत है। सबसे बढ़कर, इसके लिए आत्म-नियंत्रण और अनुशासन की आवश्यकता होती है। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव और लखीमपुर खीरी




कांड एजेंडे में शीर्ष पर रहेंगे। इसके साथ ही राजनीतिक और कृषि समेत तीन प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे। कोरोना महामारी के बाद से यह कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की पहली बैठक है। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब कांग्रेस की राज्य इकाइयों जैसे पंजाब, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पार्टी के भीतर घमासान मचा हुआ है।

बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिंदबरम, कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत (राजस्थान), भूपेश बघेल (छत्तीसगढ़) और चरणजीत चन्नी (पंजाब) समेत कुल 52 कांग्रेस नेता हिस्सा ले रहे हैं। दिग्विजय सिंह और डा. मनमोहन सिंह समेत पांच नेता बैठक में शामिल नहीं हुए हैं। एआइसीसी मुख्यालय में हो रही बैठक में वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा भी मौजूद है। यह बैठक पार्टी के असंतुष्ट खेमे जी 23 समूह के नेताओं की मांग पर बुलाई गई है, मगर जी-23 खेमा कार्यसमिति के केवल मुख्य सदस्यों के बजाय आमंत्रित सदस्यों और राज्यों के प्रभारियों को भी इसमें बुलाए जाने से नाखुश बताया जा रहा है। मई 2019 में पार्टी की लोकसभा में हार के मद्देनजर राहुल गांधी के इस्तीफा देने के बाद सोनिया गांधी ने अगस्त 2019 में अंतरिम कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला था। जी 23 समूह ने पूर्णकालिक और सक्रिय पार्टी अध्यक्ष के साथ-साथ एक संगठनात्मक बदलाव की मांग की थी। गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, भूपिंदर हुड्डा, पृथ्वीराज चव्हाण, कपिल सिब्बल, मनीष तिवारी और मुकुल वासनिक सहित जी 23 नेताओं के एक समूह ने सोनिया गांधी को एक पत्र लिखकर पिछले साल अगस्त में पार्टी में तूफान खड़ा कर दिया था। राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद ने भी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को को पत्र लिखकर जल्द ही सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाने को कहा था। पार्टी ने 22 जनवरी को आयोजित सीडब्ल्यूसी की बैठक में फैसला किया था कि जून 2021 तक कांग्रेस का नियमित अध्यक्ष चुन लेगी, लेकिन 10 मई को होने वाली सीडब्ल्यूसी की बैठक में कोरोना महामारी की वजह से टाल दिया गया था। माना जा रहा है कि बैठक में मूल्य वृद्धि, किसानों के विरोध प्रदर्शन और देश की आर्थिक स्थिति जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

### सीडब्ल्यूसी बैठक में असंतुष्ट नेताओं को सोनिया गांधी का जवाब- मैं कांग्रेस की फुल टाइम अध्यक्ष हूं

नई दिल्ली। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने असंतुष्ट नेताओं के समूह जी 23 को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि वह एक पूर्णकालिक, व्यावहारिक पार्टी अध्यक्ष हैं और नेताओं को मीडिया के जरिए उनसे बात करने की कोई जरूरत नहीं है। जी 23 समूह के नेताओं ने पिछले साल संगठनात्मक बदलाव के लिए सोनिया गांधी को पत्र लिखा था। उनकी यह टिप्पणी जी 23 के समूह के नेताओं में से एक कपिल सिब्बल के बयान के कुछ दिनों बाद आई है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की तत्काल बैठक बुलाई जाने की मांग की थी और इस बात पर आश्चर्य जताया था कि पार्टी में कौन लोग हैं जो पूर्णकालिक अध्यक्ष की अनुपस्थिति में निर्णय ले रहे हैं। सीडब्ल्यूसी की बैठक में अपने उद्घाटन भाषण में सोनिया गांधी ने कहा कि पार्टी का हर सदस्य कांग्रेस को पुनर्जीवित करना चाहता है, लेकिन इसके लिए एकता और पार्टी के हितों को सर्वोपरि रखने की आवश्यकता है। सबसे बढ़कर, इसके लिए आत्म-नियंत्रण और अनुशासन की आवश्यकता होती है,। इसके लिए आत्म-नियंत्रण और अनुशासन को सबसे ऊपर रखने की जरूरत है। कांग्रेस ने कहा कि 30 जून तक एक नियमित कांग्रेस प्रमुख के चुनाव के लिए एक रोडमैप को अंतिम रूप दिया गया था, लेकिन कोरोना वायरस की दूसरी लहर के कारण उस समय सीमा को अनिश्चित काल के लिए बढ़ा दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज का दिन संगठनात्मक चुनावों के मुद्दे पर हमेशा के लिए स्पष्टता लाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि पूर्ण संगठनात्मक चुनावों का कार्यक्रम सीडब्ल्यूसी सदस्यों के समक्ष रखा गया है।

## एनएसजी आतंकवाद से निपटने के लिए विश्व स्तरीय प्रशिक्षित बल : शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को 37वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) बल को बधाई देते हुए कहा कि यह आतंकवाद के सभी पहलुओं से निपटने के लिए एक विश्व स्तरीय प्रशिक्षित बल है और देश को अपने सैनिकों पर गर्व है। हर साल 16 अक्टूबर को एनएसजी का स्थापना दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, एनएसजी की स्थापना 1984 में हुई थी। तब केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक विशेष आतंकवाद-रोधी बल बनाने का निर्णय लिया था, जो आतंकवाद सभी पहलुओं से निपटने के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित हो। इसका उपयोग सिर्फ असाधारण स्थितियों में ही किया जाता है। इस साल एनएसजी की स्थापना की 37वीं वर्षगांठ है। एनएसजी को ब्लैक कैट्स के नाम से भी जाना जाता है। गृह मंत्री ने ट्वीट किया, 'हमारे बहादुर एनएसजी कर्मियों को उनके 37वें स्थापना दिवस पर बधाई। एनएसजी आतंकवाद के सभी पहलुओं से निपटने के लिए एक विश्व स्तरीय प्रशिक्षित बल है। इस बल ने अपने आदर्श वाक्य 'सर्वत्र सर्वोत्तम सुरक्षा' पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भारत को एनएसजी ब्लैक कैट्स पर गर्व है।' एनएसजी को केवल असाधारण परिस्थितियों में तैनात किया जाता है। एसएजी में राज्य पुलिस बलों या केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों का समावेश होता है। इसके देश में छह परिचालन केंद्र हैं, जिसमें सातवें की योजना पठानकोट में है। एनएसजी आतंकवादी हमलों, बंधकों को छुड़ाने और अपहरण जैसी विभिन्न उच्च दबाव वाली स्थितियों से निपटने में सक्षम है। 2020 से पहले एनएसजी देश में वीआईपी सुरक्षा को भी संभालती थी, लेकिन केंद्र सरकार ने उसे वीआईपी सुरक्षा



से हटाने का फैसला किया था। इस कदम के पीछे का कारण यह बताया गया कि एनएसजी को आतंकवाद निरोधी अपने मूल दायित्वों पर फोकस करने की जरूरत है। बता दें कि इस बल का जब गठन हुआ था तब इसके मूल कामों में वीआईपी सुरक्षा शामिल नहीं थी। ब्लैक कैट्स ने 2008 में 26/11 के मुंबई हमलों के दौरान 'ऑपरेशन ब्लैक टॉरनेडो' के जरिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। एनएसजी कमांडो ने नरीमन हाउस, ताजमहल पैलेस होटल और ओबेराय ट्राइडेंट होटल पर अन्य बलों के कर्मियों के साथ समन्वय करते हुए सभी आतंकवादियों को मार गिराया।

## एलएसी पर ड्रैगन की दखलंदाजीः क्या लद्दाख में फिर से बढ़ रहा तनाव? वायुसेना प्रमुख पहुंचे लेह ऐयरबेस

नई दिल्ली। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनावपूर्ण हालातों के बीच वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी शनिवार को लद्दाख पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने चीन से सटी सीमाओं पर सेना की तैयारियों का जायजा लिया। वायुसेना प्रमुख का यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर घुसपैठ बढ़ा दी है, इससे दोनों देशों के बीच एकबार फिर से हालात तनावपूर्ण बन गए हैं।

**हालातों की करेंगे समीक्षा-** आईएएफ चीफ शनिवार सुबह लेह एयरबेस पहुंचे। एक न्यूज एजेंसी के सूत्रों के हवाले से वह यहां पर वायुसेना के अधिकारियों व एलएसी पर तैनात की गई सैन्य टुकड़ियों से बात करेंगे और वास्तविक हालातों की समीक्षा करेंगे। वायुसेना का अध्यक्ष बनने के बाद एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी का राष्ट्रीय राजधानी के बाहर यह पहला दौरा है।

**बोले थे- सेना है तैयार-** चीन की ओर से एलएसी पर घुसपैठ के बाद भारतीय वायुसेना ने भी आक्रामक रुख अख्तियार



करते हुए सीमा पर अपनी गतिविधि बढ़ा दी है। चीनी वायुसेना भी एलएसी पर तीन एयर बेस पर तैनात है। चौधरी ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा था कि चीन के किसी भी हमले का जवाब देने के लिए भारतीय वायुसेना पूरी तरह से तैयार है।

**चीन के चाल को समझते हैं आईएएफ चीफ-** वायुसेना प्रमुख वेस्टर्न एयर कमांड के चीफ के रहते हुए एक ऐसे बड़े हिस्से का मोर्चा संभालते थे, जहां पर चीन का दखल ज्यादा है। ऐसे में वे चीन की चालों को भी बहुत अच्छे से समझते हैं। पूर्वी लद्दाख में वे खुद मिग-29 से उड़ान भर चुके हैं।

## लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर व उसका साथी मारा गया, खांडे ने की थी दो जवानों की हत्या

जम्मू। कश्मीर में पंपोर के द्रंगबल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकियों का खात्मा हो गया है। मारे गए आतंकियों के पास हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है। पुलिस, सेना की 50-आरआर(राष्ट्रीय राइफल्स) और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर उमर मुश्ताक खांडे को ढेर कर दिया गया है। उमर मुश्ताक ने दो पुलिसकर्मियों मोहम्मद यूसुफ और सुहैल अहमद की श्रीनगर में हत्या की थी। पुलिस ने कहा कि हम आतंकियों के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**नए तरीके से घातक हमले कर रहे सीमा पार से आए आतंकी-** जानकारी मिल रही है कि एलओसी से सटे राजोरी और पुंछ जिलों की सीमा पर जंगल में छिपे आतंकी नए तरीके अपनाकर हमले कर रहे हैं। चार दिन में आतंकी दो अलग-अलग जगह घात लगाकर किए गए हमलों में दो जेसीओ समेत आठ जवानों को शहीद कर चुके हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार पांच दिन से ऑपरेशन चल रहा है। आतंकियों ने दो हमले किए और दोनों ही बार सेना को ही नुकसान पहुंचा है। यह दशार्ता है कि आतंकियों ने इस तरह



के हमलों की खास ट्रेनिंग ले रखी है। सोमवार को पहले हमले में जेसीओ समेत पांच जवान शहीद हो गए थे। पहले हमले वाली जगह से दूसरे हमले का स्थान एलओसी की ओर पड़ता है। यानी हमलावर आतंकी कश्मीर की ओर नहीं बल्कि वापस एलओसी की दिशा में आकर छिप गए हैं। ऐसे में मेंढर के जंगलों में आतंकियों के ठिकाने होने की आशंका है।

## उत्तर प्रदेश में मतांतरण बढ़ाने के लिए विदेश से फंडिंग यूपी एटीएस की चार्जशीट में सामने आया मामला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर मतांतरण की परत दर परत खुलने के दौरान ही इसमें विदेशों से भी बड़ी मात्रा में धन मिलने का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश में मतांतरण के मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार करने वाली एटीएस की चार्ज शीट में मतांतरण के लिए विदेशों से फंडिंग का पता चला है। उत्तर प्रदेश में महानगर के साथ ही छोटे शहर व कस्बों में बड़े पैमाने पर मतांतरण की जांच कर रही उत्तर प्रदेश एटीएस को इस खेल में मतांतरण के सिंडिकेट के खातों की पड़ताल में खाड़ी देशों के साथ अमेरिका व ग्रेट ब्रिटेन से भी फंडिंग का पता चला है। उत्तर प्रदेश एटीएस ने कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल की है, उसमें दशार्या गया है कि इनके खातों में विदेशी संस्थाओं से करीब 150 करोड़ की फंडिंग हुई है। उमर गौतम की संस्था को ब्रिटेन के अल फला ट्रस्ट से 57 करोड़ रुपया मिला है। मतांतरण के इस



खेल को बढ़ाने के लिए इनको दुबई के साथ खाड़ी के अन्य देशों से फंड मिल रहा था। उत्तर प्रदेश में मतांतरण के बड़े मामले में एटीएस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, कई चौंकाने वाले मामले तथ लोग सामने आ रहे हैं। एटीएस ने इस मामले में करीब 150 करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग के साक्ष्य जुटाए हैं। यह रकम उमर गौतम, कलीम सिद्दीकी और सलाहुद्दीन के पास भेजी गई थी। बीते पांच वर्ष से उमर गौतम की संस्था इस्लामिक दावा सेंटर और फातिमा चैरिटेबल ट्रस्ट को 30 करोड़ से ज्यादा रुपये विदेशी संस्थाओं से मिले। उसने इसका 60 फीसदी ही मतांतरण पर खर्च किया था। इसके साथ ही एसटीएफ की गिरफ्त में आए वडोदरा के निवासी रसलाहुद्दीन की संस्था अमेरिकन फेडरेशन ऑफ मुस्लिम ऑफ इंडियन ओरिजिन को पांच वर्ष में 28 करोड़ रुपये मिले, जो उसने उमर गौतम को दिए थे। इसके साथ 22 करोड़ रुपये कलीम की संस्था अल हसन एजुकेशनल सोसायटी को भेजे गए।

## क्रूज ड्रग्स केसः राकांपा ने फिर उठाए एनसीबी पर सवाल, पूछा- फ्लेचर पटेल जब अधिकारी के दोस्त, तो पंचनामे में नाम कैसे?

मुंबई। मुंबई क्रूज ड्रग्स पार्टी के मामले में हर दिन नया मोड़ आ रहा है। महाराष्ट्र सरकार लगातार एनसीबी के कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है। महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक लगातार एनसीबी पर तीखा हमला बोल रहे हैं। अब



उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि वे एनसीबी के कामों का पदार्फाश करेंगे, जिसमें कई गैरकानूनी काम किए जा रहे हैं। उन्होंने साफ किया है कि वो ये सब प्रेस के जरिए नहीं बल्कि अपने ट्विटर हैंडर पर जानकारी देकर करेंगे। नवाब मलिक ने कुछ ट्विट्स भी किए हैं, जिनमें वे एनसीबी के काम करने पर सवाल खड़ा किए हैं और उनके सबूत भी पेश किए हैं।

**एनसीबी पर नवाब मलिक ने उठाए सवाल-** मंत्री नवाब मलिक ने एनसीबी पर आरोप लगाया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने पंचनामा में फ्लेचर पटेल को पंच बनाया है, जबकि फ्लेचर पटेल मुंबई एनसीबी प्रमुख समीर वानखेड़े और उनके परिवार के मित्र हैं। मलिक ने कहा कि मैं सवाल पूछता हूं कि क्या एनसीबी अधिकारी के किसी मित्र को पंच बनने की अनुमति दी जा सकती है? क्या कानूनी रूप से इसकी अनुमति है? नवाब मलिक एक के बाद एक कई ऐसे ट्वीट किए हैं, जिनमें वे ऐसे सवाल उठाते दिखाई दे रहे हैं।

## जयशंकर की यात्रा से पहले इस्राइल ने भारत को बताया सबसे करीबी मित्र, क्या पेगासस पर होगी चर्चा?

येरुशलम। इस्राइली विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को दशहरे की शुभकामनाएं देते भारत को अपना रणनीतिक साझेदार और सबसे करीबी मित्र बताया। इस्राइली विदेश मंत्रालय का यह बयान विदेश मंत्री एस जयशंकर की इजरायल यात्रा से पहले आया है। राजदूत और इजरायली विदेश मंत्रालय में महानिदेशक एलन उशपिज ने ट्वीट कर दशहरे की शुभकामनाएं दी और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की 17 अक्तूबर की होने वाली इस्राइल यात्रा की पुष्टि की। वहीं जयशंकर की यात्रा के दौरान पेगासस जासूसी कांड पर भी चर्चा होने की संभावना है। उशपिज ने ट्वीट करते हुए कहा कि जयशंकर की अहम इस्राइल यात्रा की पूर्व संध्या पर आप सभी को दशहरा की शुभकामनाएं। भारत रणनीतिक साझेदार और करीबी मित्र है। जयशंकर अपनी इजराइल यात्रा के दौरान राष्ट्रपति इसाक हर्जोग, प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट और विदेश मंत्री गबी अश्केनजी सहित इजरायल के शीर्ष नेताओं से मिलेंगे। गौरतलब है कि अगस्त में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने इस्राइली समकक्ष बेनेट के साथ बात की थी और दोनों नेताओं ने सहयोग को और विस्तारित करने की क्षमता पर सहमति व्यक्त की थी और निर्णय लिया था कि दोनों देशों के विदेश मंत्रालय भारत-इस्राइल रणनीतिक साझेदारी को और समृद्ध करने के लिए एक रोडमैप




तैयार करने पर काम करेंगे। वहीं इससे पहले टेलीफोन पर बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने जून में इस्राइल के प्रधानमंत्री के रूप में पद संभालने के लिए बेनेट को दुबारा बधाई दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत कृषि, जल, रक्षा और सुरक्षा और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में इजरायल के साथ अपने मजबूत सहयोग को बहुत महत्व देता है।

**पेगासस मामले के मद्देनजर विदेश मंत्री का दौरा अहम-** भारत में पेगासस जासूसी कांड अब भी एक मुद्दा बना हुआ है। विपक्षी पार्टी इसे लेकर जहां लगातार सरकार को घेर रही है वहीं जयशंकर का दौरा भी अहम माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक डॉ. जयशंकर इस मुद्दे को इस्राइली सरकार के सामने रख सकते हैं।

**जानिए क्या है पेगासस जासूसी मामला-** यह मामला सरकारी एजेंसियों द्वारा प्रतिष्ठित नागरिकों, राजनेताओं और लेखकों पर इस्राइली फर्म एनएसओ के स्पाइवेयर पेगासस का उपयोग करके कथित तौर पर जासूसी की रिपोर्ट से संबंधित हैं। एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया संघ ने बताया है कि 300 से अधिक सत्यापित भारतीय मोबाइल फोन नंबर पेगासस स्पाइवेयर का उपयोग करके निगरानी के संभावित लक्ष्यों की सूची में थे।

## रायपुर रेलवे स्टेशन पर धमाका, सीआरपीएफ के चार जवान घायल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित रेलवे स्टेशन में शनिवार को धमाका हो गया। जानकारी के मुताबिक, धमाका सीआरपीएफ की स्पेशल ट्रेन में सुबह 6.30 बजे हुआ। जब इग्नाइटर से भरा बक्सा यही बक्सा एक बोगी की फर्श पर गिरा, जिससे जबरदस्त धमाका हुआ और चार जवान घायल हो गए। रायपुर के एसपी प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि यह ट्रेन ओडिशा के झारसुगुड़ा से जम्मू जा रही थी।



एक डिब्बे की फर्श पर गिर गया। रायपुर पुलिस ने बताया कि सीआरपीएफ की 211 बटालियन के जवान जम्मू से स्पेशल ट्रेन में जा रहे थे। उनके साथ में ग्रेनेड रखे थे, जो कि बक्से में बंद कर रखे गए थे। घटना में चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। एक को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है, जबकि तीन अन्य प्राथमिक उपचार के बाद सीआरपीएफ ट्रेन से ही रवाना हो गए।

## चिंतन मनन

### शिक्षकों की कमी

यूनेस्को ने एक बार फिर भारत में शिक्षा की स्थिति और शिक्षकों की कमी को लेकर चिंता जताई है। यह कमी इतने वर्षों से चल रही है कि जब-जब ऐसे सर्वेक्षण या विश्लेषण देश के समक्ष आते हैं तो उसमें नई बात नहीं लगती। एक लाख स्कूलों में केवल एक शिक्षक और ग्यारह लाख शिक्षकों के पदों रिक्त होना देश में ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मनाक माना जाना चाहिए। भारत आज इतना संसाधान-विहीन देश तो नहीं है कि वह बच्चों के लिए शिक्षा की समुचित व्यवस्था न कर सके। शिक्षकों की कमी की समस्या की जड़ें काफी गहरी हैं। इसके लिए कौन और कितना जिम्मेवार है, यह कोई छिपा तथ्य नहीं है। इलाहबाद उच्च न्यायालय ने 19 अगस्त, 2015 को एक आदेश में कहा था कि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव अगले छह महीने में योजना तैयार करें कि कैसे सरकारी खजाने से वेतन लेने वाले हर व्यक्ति के बच्चे केवल सरकारी स्कूलों में पढ़ेंगे! सभी जानते थे कि ऐसा होगा नहीं, क्योंकि एकजुट होकर संभ्रांत और सरकारी व्यवस्था इसे होने नहीं देगी! और ऐसा ही हुआ भी। यही वर्ग सरकारी स्कूलों की मौजूदा स्थिति, साख की कमी और सामान्य-जन के अविश्वास के लिए पूरी तरह उत्तरदायी है। जब संभ्रांत वर्ग के बच्चों के लिए निजी स्कूल उपलब्ध हैं और वहां पढ़ाने के लिए शिक्षा-भत्तों के प्रावधान उपलब्ध हैं, तो फिर यह वर्ग सरकारी स्कूलों की फिक्र क्यों करेगा! नई शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के समय इस सच्चाई को स्वीकार करना सभी के और देश के हित में होगा। नई शिक्षा नीति विश्वास दिलाती है कि हर बच्चे को ऐसे स्कूल में शिक्षा मिलेगी जहां बुनियादी सुविधाएं होंगी, उचित छात्र-शिक्षक अनुपात में पूर्णकालिक, नियमित और प्रशिक्षित शिक्षक होंगे। वस्तुस्थिति यह है कि चार दशक से कई राज्यों ने नियमित पूर्णकालिक शिक्षकों की जगह विभिन्न पदनामों से अंशकालिक-अनियमित शिक्षक थोड़े से मानदेय पर नियुक्त करने का चलन बना लिया। इससे नियमित शिक्षकों के सेवानिवृत होने के साथ नियमित पद खाली होते गए। नौकरशाही को यह व्यवस्था बहुत रास आई। जब कोई देश शिक्षा जैसे महत्त्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर फैसले केवल नौकरशाहों पर छोड़ देता है तब ऐसी घातक परिस्थितियां पैदा होती हैं। देश में धीरे-धीरे शैक्षिक और अकादमिक नेतृत्व के स्थान पर सिविल सेवा के अधिकारी स्कूल बोर्ड, पाठ्यपुस्तक बोर्डों, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) जैसी संस्थाओं में शीर्ष पदों पर सुशोभित होने लगे। यह क्यों होता गया, इसे जानना जरूरी है। क्या भारत की सिविल सेवा यह जिम्मेदारी स्वीकार करेगी कि आज जो विसंगतियां शिक्षकों की नियुक्तियों को लेकर उत्पन्न हुई हैं, उसकी जिम्मेवारी केवल उसकी और उसकी ही है? शिक्षकों कि नियुक्ति, पदस्थापना और प्रशिक्षण को लेकर अनेक समस्याएं समय-समय पर ध्यान आकर्षित करती रही हैं। 1986 में बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करते वक्त यह तय हुआ था कि देश में कोई भी ऐसा स्कूल नहीं होगा जिसमें कम से कम दो शिक्षक न हों। 'आपरेशन ब्लैकबोर्डझ नाम की परियोजना के अंतर्गत केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों से आंकड़े मांगे और उसके आधार पर लगभग साढ़े पांच लाख प्राथमिक विद्यालयों को भवन निर्माण, शिक्षण सामग्री आदि के साथ एक लाख चौंतीस हजार शिक्षकों की नियुक्ति के लिए धनराशि मुहैया कराई। पैसा तो केंद्र का था, मगर सारे काम तो राज्य सरकारों को ही करने थे, जिनमें शिक्षकों की नियुक्ति, विद्यालयों में कमरे बनवाना, शिक्षण सामग्री की खरीद जैसे काम शामिल थे। पर कुछ वर्ष बाद अधिकांश राज्यों को जांच समितियां बनाने को मजबूर होना पड़ा और सारी परियोजनाएं लक्ष्यों से दूर होती चली गईं। आज संचार तकनीक ने पर्यवेक्षण में अनेक सार्थक सुधार कर दिए हैं। अब वह सब संभव हो गया है जो पहले जानना और सुधारना कठिन था। लेकिन आज भी स्कूल का ठीक से चलना अधिकारियों की ईमानदारी, कर्तव्य-निष्ठा, समर्पण के परिमाण पर ही निर्भर करता है। जन-प्रतिनिधि यदि अपने क्षेत्र में शिक्षा को प्राथमिकता दें तो प्रशिक्षित और नियमित शिक्षकों की उपस्थिति हर स्कूल में निश्चित की जा सकती है।

### चला जा कोरोना!



चला जा कोरोना ।
उब गए हम सारे ।।
हुई ऐसी हालत ।
फिरते मारे-मारे ।।
सुधर जाए दिन ।
लौटे वो मुस्कान ।।
फिर से लगे चहकने ।
अपना ये जहान ।।
थक गए करते पालन ।
अब हम प्रोटोकॉल ।।
धीरे-धीरे करके ।
निकला ये भी साल ।।
हो फिर से स्वतंत्रता ।
करना कदमताल ।।
आया क्यों निगोड़ा ।
बनकर ऐसे काल ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# अधिकार असीमित नहीं हो सकते

कहने को भारत एक ऐसा देश है जो संविधान से चलता है लेकिन जब देश के सुप्रीम कोर्ट को यह कहना पड़ता है कि वो जांच करेगा कि "क्या विरोध करने का अधिकार एक पूर्ण अधिकार है" तो लगता है कि हम आज भी गुलाम हैं।

गुलाम हैं उस सत्तालोलुप वोटबैंक की राजनीति के जिसे अपने स्वार्थ के आगे कुछ नहीं दिखता। गुलाम हैं उस स्वार्थी सोच के जो संविधान द्वारा दिए गए हमारे अधिकारों के बारे में हमें समय समय पर जागरूक करती है लेकिन देश के प्रति हमारे दायित्वों का कर्तव्यबोध हमें होने नहीं देती।

गुलाम हैं उन विपक्षी दलों की मेहत्वकांक्षाओं की जो उन्हें संसद की हारी लड़ाई सड़क पर जीतने का मार्ग दिखा देती है। यह विषय इसलिए गम्भीर हो जाता है कि हमारी यह गुलामी कभी 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय गौरव के दिन देश को हिंसा की आग में झोंक देती है तो कभी लखीमपुर जैसे घटनाओं को अंजाम देती है। अतः निश्चित रूप से यह चिंता और चिंतन दोनों का ही विषय होना चाहिए।

क्योंकि लखीमपुर जैसी घटनाएं इस बात की गवाह हैं कि आज की राजनीति में येन केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने और अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने के लिए किसी बेगुनाह के परिवार के घर का चूल्हा बुझाने से भी परहेज नहीं किया जाता। विडंबना की पराकाष्ठा यह है कि संविधान की दुहाई देकर उन कृषि कानूनों का विरोध किया जा रहा है जो संसद के दोनों सदनों से पारित हो कर आए हैं।

लोकतंत्र और अधिकारों के नाम पर इस प्रकार की घटनाएं इस देश के लिए नई नहीं हैं इसलिए अब समय आ गया है कि अधिकारों की भी सीमा तय की जाए।

दरअसल हमें यह समझना होगा कि कोई भी शक्ति असीमित नहीं होती। सृष्टि की हर चीज में उर्जा होती है चाहे वो एक निर्जीव वस्तु हो या फिर कोई सजीव प्राणी लेकिन वो रचनात्मक तभी होती है जब उसकी एक सीमा होती है। किंतु यदि इन शक्तियों



की कोई सीमा न हो तो वो विनाशकारी सिद्ध होती हैं।

उदाहरण के तौर पर, जो भोजन हम खाते हैं उसका हर अंश एक निश्चित मात्रा में हमें ऊर्जा देता है तब ही वो हमें पोषित कर पाता है । इसी प्रकार एक स्कूटर या एक बाइक या एक कार या प्लेन या ट्रेन सभी की स्पीड की भी एक सीमा है तभी हम इन्हें नियंत्रित कर पाते हैं। अगर इनकी स्पीड की सीमा न हो तो चलाने वाला इन पर नियंत्रण नहीं रख पाएगा और दुर्घटना हो जाएगी।

ऐसे ही सीमाओं में प्रकृति भी बंधी है। जब तक नदी अपनी सीमा में रहती है वो जीवनदायिनी होती है लेकिन जैसे ही वो अपनी सीमा को लाँघ देती है वो प्रलयकारी बन जाती है। स्पष्ट है कोई भी शक्ति सीमा में ही रचनात्मक होती है, असीमित शक्ति विध्वंस का ही कारण होती है। इसलिए शक्तियों की सीमा निर्धारित करना अत्यंत आवश्यक है। आज मोबाइल और इंटरनेट का जमाना है। विभिन्न कम्पनियां अनलिमिटेड फोन और डेटा के अनेक आफर निकालती हैं लेकिन क्या वो वाकई में अनलिमिटेड होते हैं? नहीं उन सब की एक सीमा होती है। तो फिर हमारे अधिकार असीमित कैसे हो सकते हैं?

लेकिन इसे क्या कहा जाए कि संवैधानिक अधिकारों के नाम पर दूसरी बार इस देश की राजधानी की सड़कें बाधित हैं।

विगत लगभग 10 माह से देश की राजधानी दिल्ली की सड़कें अवरुद्ध हैं और सड़क खोलने का यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि किसी सड़क को हमेशा के लिए कब्जा नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र और संविधान द्वारा प्रदत्त विरोध के अधिकार के नाम पर विगत इतने लम्बे समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों से सुप्रीम कोर्ट ने कई सवाल भी पूछे हैं।

दरअसल किसानों के एक संगठन किसान महापंचायत ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दिल्ली के जंतर मंतर पर "सत्याग्रह" करने की अनुमति मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कृषि कानूनों की वैधता को चुनौती देने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाए जाने के बाद विरोध प्रदर्शन का सवाल ही कहाँ उठता है।

जब किसान संगठन पहले ही विवादित कृषि कानूनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख कर चुके हैं तो आंदोलन जारी रखने और सत्याग्रह करने का क्या तुक है। जब आपने कोर्ट का रुख किया है तो अदालत पर भरोसा रखिए। अदालत पहुंचने के बाद प्रोटेस्ट का क्या मतलब है? क्या आप ज्यूडिशियल सिस्टम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं?शीर्ष अदालत ने जब तीनों कानूनों पर रोक लगा दी है और ये अधिनियम लाग नहीं हुए हैं जो आप किस चीज के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं? सर्वोच्च अदालत ने किसान संगठनों से एक महत्वपूर्ण बात भी कही कि अब आप एक रास्ता चुनें, कोर्ट का, संसद का, या सड़क पर प्रदर्शन का। उम्मीद है कि कृषि कानूनों के इस तथाकथित विरोध प्रदर्शन से देश में एक महत्वपूर्ण विमर्श को गति मिले। ताकि देशहित में अधिकारों की सीमा को इस प्रकार निर्धारित किया जाए जो देश के प्रति कर्तव्यबोध के प्रति भी जागरूक करे।

# जन्नत बना जहन्नुम

आज का सबसे अहम सवाल यह है कि क्या कश्मीर भी पाकिस्तान की राह पर चल रहा है? पाक में जिस तरह गैर मुस्लिमों का विरोध वहां की नीति में शामिल कर लिया गया है, क्या उसी तरह कश्मीरियों ने भी गैर मुस्लिमों को प्रताड़ित कर उन्हें कश्मीर सीमा से खदेड़ने या उनकी हत्या करने का संकल्प ले लिया है? एक राष्ट्रीय अखबार ने तो यहां तक लिखा है कि आतंकवादियों के नाम पर यह कार्य स्वयं कश्मीरी ही कर रहे हैं।

भारत की आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर के विरष्ठ नेता शेख अबदुल्ला व जिन्ना के दबाव में आकर पण्डित जवाहर लाल नेहरू व महात्मा गांधी ने भारत का विभाजन कर पाकिस्तान बनाने का तय किया था, तब इन नेताओ के बीच यह तय हुआ था कि जम्मू-कश्मीर में जनमत संग्रह करवाने के बाद इस क्षेत्र का भविष्य तय होगा कि इसे भारत में रखना है या पाकिस्तान में? किंतु चूंकि पंडित नेहरू यह जानते थे कि आम कश्मीरी की सहानुभूति पाकिस्तान के साथ है, इसलिए उन्होंने और उनके वारिस प्रधानमंत्रियों ने आज तक जनमत संग्रह नहीं होने दिया और इसी कारण जम्मू-कश्मीर आज भी भारत का अंग है, किंतु यह आज की भी सच्चाई है कि कश्मीर का हर मुस्लिम कश्मीरी



मानसिक रूप से आज भी अपने आपको पाक से ही जुड़ा मानता है, उसे भारत या उसकी किसी भी हरकत से कोई लेना देना नहीं है, इसीलिए, आज चाहे फारूक अब्दुल्ला हो या महबूबा मुती या कोई और नेता, सभी की पूरी सहानुभूति पाक के प्रति ही है, यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कुछ माह पूर्व बुलाई गई कश्मीरी नेताओं की बैठक में भी उजागर हो गई थी और अब जब से जम्मू-कश्मीर से धारा-370 खत्म की गई है तब से तो कश्मीरी नेताओं की भारत व यहां की मौजूदा सरकार से और अधिक नाराजी बढ़ गई है। यह इसी तथ्य से उजागर हो जाता है कि पाक के आतंकवादियों को कश्मीरियों का हर तरीके से सहयोग प्राप्त हो रहा है और अब जो कश्मीर में गैर मुस्लिमों की हिंसा का दौर शुरू हुआ है, उसमें भी स्थानीय कश्मीरियों का पूरा योगदान है। अब जिस तरह पाकिस्तान में गैर मुस्लिम हिन्दू या सिख अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं करता और पाक छोड़ने का अभियान शुरू कर दिया है, उसी की पुनरावृत्ति अब कश्मीर में होने लगी है, वहां गैर मुस्लिमों में भय की भावना इस कदर हावी हो गई है कि शाम पांच बजे गैर मुस्लिम अपना कारोबार बंद करके अपने घरों में कैद होने लगे है, साथ ही अब तो वे कश्मीर से पलायन करने का भी मौका खोज रहे है, पिछले एक सप्ताह में करीब पांच सौ हिन्दू व सिख परिवारों ने कश्मीर छोड़ दिया और वे जम्मू में सड़कों की खाक छानने और भीख मांग कर अपना परिवार पालने को मजबूर है।

इसी संदर्भ में यहां यह भी उल्लेखनीय है कि करीब पच्चीस साल पहले बीस लाख कश्मीरी पण्डितों को कश्मीरियों और वहां की तत्कालीन सरकार ने उत्पीड़ित कर कश्मीर छोड़ने को मजबूर कर दिया था और उनके मकान व अन्य स्थाई सम्पत्तियों पर कश्मीरियों ने कब्जा कर लिया था ये बीस लाख कश्मीरी पण्डित अपना घरबार छोड़कर जम्मू अ ाने को मजबूर हो गए थे।

2014 के लोकसभा चुनावों के समय भारतीय जनता पार्टी ने जो अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था, उसमें उल्लेख किया गया था कि यदि भाजपा की सरकार देश में बनती है तो सभी निष्कासित कश्मीरी पण्डितों को वापस सम्मान पूर्वक कश्मीर में बसाया जाएगा और उनकी छीनी हुई सम्पत्ति भी वापस लौटाई जाएगी, किंतु आज मोदी जी की सरकार के सात साल पूरे होने के बावजूद कश्मीरी पण्डितों की बदहाली वैसी ही है और अब जो वहां गैर मुस्लिमों के प्रति माहौल तैयार किया गया है, उसे लेकर कश्मीरी पण्डित और अधिक निराश व चिंतित है। वह समझ नहीं पा रहा है कि उसके परिवार व बच्चों का भविष्य क्या व कैसा होगा?

आम कश्मीरी मुसलमान वैसे ही परम्परागत रूप से भारत सरकार से नाराज ही था और अब जम्मू-कश्मीर से धारा-370 खत्म करने के मोदी सरकार के कदम से आम कश्मीरी की भाजपा व मोदी सरकार के प्रति और अधिक नाराजी बढ़ गई है और इसीलिए अब कश्मीर में आतंकवादी हिंसा की वारदातों में भी इजाफा होने लगा है।

....और अब यह आग सैना शांत नहीं कर सकती, क्योंकि पाक आतंकवादियों के प्रति स्थानीय लोगों की सहानुभूति है, इसे खत्म करने के लिए सरकार को कश्मीरियों का किसी भी तरह से विश्वास जीतना होगा और यह काम कट्टर हिन्दुत्व भावना के चलते संभव नहीं होगा।

# फरार आतंकवादी जाकिर नाईक को नहीं; तो अध्यात्मप्रसार करनेवाली सनातन संस्था को संकट माननेवाली 'फेसबुक' हिन्दुद्वेषी है ! - सनातन संस्था

हाल ही में अमेरिका में डिसमेंटलिंग ग्लोबल हिन्दुत्व कॉन्फ्रेन्स द्वारा हिन्दू धर्म के विरोध में दुष्प्रचार और हिन्दुत्व को आतंकवाद से जोडने का प्रयास किया गया। इससे दिखाई देता है कि अमेरिका में बढते हिन्दुत्व के प्रभाव को विरोध करने के लिए षड्यंत्र चालू है। इसके परिणामस्वरूप हिन्दू धर्म का प्रचार करनेवाली सनातन संस्था जैसी आध्यात्मिक संस्था को संकट घोषित करने का प्रयास फेसबुक जैसे सामाजिक माध्यम ने किया है। वास्तव में भारत द्वारा जिहादी आतंकवादी और स ा ं क ट ज न ा क (खतरनाक) घोषित डॉ. झाकीर नाईक के फेसबुक पर 50 से अधिक अकाऊंट है, जो दिन-रात प्रचार कर रहे हैं; परंतु वे फेसबुक को संकट नहीं लगते । इससे फेसबुक की हिन्दूविरोधी भूमिका स्पष्ट होती है, ऐसा सनातन संस्था के प्रवक्ता श्री. चेतन राजहंस ने कहा ।



विगत सप्ताह में ही फेसबुक के पूर्व डेटा वैज्ञानिक फ्रान्सिस होगेन ने अमेरिका की संसद में कथन (गवाही) दी कि फेसबुक छोटे बच्चों और लोकतंत्र के लिए संकट (खतरा) है । इससे पूर्व भी फेसबुक पर नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी लीक करने और नागरिकों की जासूसी करने के आरोपों हेतु फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकेरबर्ग को अमेरिकी संसद में खडा कर उनसे स्पष्टीकरण मांगे गए । लोकशाही के लिए संकट फेसबुक जैसी कंपनियों की गोपनीय सूची में किन का नाम है, इसमें सनातन की तिलमात्र भी रूचि नहीं है । हम फेसबुक को चुनौती देते है कि वह सनातन संस्था की एक भी पोस्ट जो आपत्तिजनक अथवा समाजविघातक है, वह दिखाएं। सनातन संस्था भारतीय संविधान और कानून का पालन कर धर्मप्रसार करनेवाली एक आध्यात्मिक संस्था है। सनातन पर प्रतिबंध लगाने की विरोधकों की मांग पर ऐसा कोई भी प्रस्ताव नहीं, ऐसा खुलासा भारत सरकार ने अनेक बार किया है ।

अमेरिका में सुनियोजित पद्धति से हिन्दुत्व के विरोध में प्रचार करने का षड्यंत्र चालू है । वर्ष २०१४ के लगभग आठ वर्ष पहले जब माननीय पंतप्रधान नरेंद्र मोदी गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री थे, तब उन्हें अमेरिका में आने से प्रतिबंधित किया गया था । वर्ष २०१८ में सीआइए नामक अमेरिकी गुप्तचर संस्था की सूची में बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद को मिलीटेंट धार्मिक संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया। अब फेसबुक की सूची में सनातन संस्था का नाम होना, यह सनातन संस्था हिन्दू धर्म का प्रभावी प्रचार कर रही है, यही सिद्ध करता है। भारत में आतंकवादी कार्यवाहियों में सहभागी होने के आरोपवाली पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) और उससे संलग्न ४२ संगठन फेसबुक को संकट नहीं लगते; परंतु तेलंगाना के भाजपा विधायक श्री. राजासिंह ठाकुर, हिन्दुत्व का खुला समर्थन करनेवाला सुदर्शन चैनल और हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के लिए कार्यरत हिन्दू जनजागृति समिति का फेसबुक अकाऊंट संकटदायक (खतरा) लगता है, यह अत्यंत निंदनीय और भेदभाव है, ऐसा भी श्री. चेतन राजहंस ने कहा ।

## कैबिनेट मंत्री ने किया आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को स्मार्ट फोन का वितरण

प्रखर चौबेपुर वाराणसी। चिरईगांव विकास खण्ड सभागार में बुधवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां समाज में भ्रमण कर गर्भवती महिलाओं व बच्चों में कुपोषण की पहचान करने के साथ उसको दूर करने के लिए शासन की ओर से उपलब्ध सामग्री उन तक पहुंचा कर स्वस्थ समाज का निर्माण करती है। इसके लिए उन्हें तमाम मैनुअल रिकार्ड रखने होते थे।इसको देखते हुए सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी ने इनको तकनीकी सुविधाओं से लैस करने का काम किया है ,अब गम्भीर परिस्थितियों की सूचनाएं अविलंब भेजने में मदद मिलेगी और सारे रिकॉर्ड और डाटा तुरन्त आनलाइन उपलब्ध कराने में सहूलियत होगी। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की सराहना करते हुए कहा कि कोरोना महामारी के समय इन लोगों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए सच्ची जन सेवा की है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बी डी ओ सुरेन्द्र प्रताप सिंह,ए डी ओ सहकारिता रजनीश कुमार पाण्डेय ,पवन कुमार चौबे , जितेन्द्र सिंह जित्तू,संजय सिंह, बाबूलाल मौर्या लालबहादुर पटेल ,रेखा श्रीवास्तव, संयोगिता कुमारी ,नम्रता पाण्डेय ,रीता कुशवाहा ,पम्मी सिंह सरिता कुमारी सहित सभीं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां उपस्थित रहीं ।

## विसर्जन जुलूस से प्रसाद लेकर जा रही महिला की तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आ जाने से हुई मौत

प्रखर अहरौरा मिजापुर। वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित बारा डीह पेट्रोल पंप के ठीक समीप प्रसाद लेकर अपने घर को जा रही महिला लाची देवी पत्नी लालचंद भारती उम्र 64 वर्ष निवासी बारा डीह की मौके पर ही मौत हो गई वहीं मोटरसाइकिल सवार युवक भी डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को तत्काल अपने कब्जे में लेकर घायल युवक को फौरन अस्पताल भिजवाया खबर लिखे जाने तक घायल युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी महिला की मृत्यु की खबर सुनकर परिजन भी रोते बिलखते हुए पहुंचे।

# धर्म सत्ता राजसत्ता के अधीन नहीं होती है- महामण्डलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन यति

प्रखर गाजीपुर। सिद्धपीठ हथियाराम मठ परिसर में विजयादशमी का पर्व शिष्य समुदाय के साथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन यति जी ने गुरुओं द्वारा स्थापित पारम्परिक रीति से शस्त्र, शास्त्र, शक्ति, ध्वज, शमी और शिवपूजन करके मनाया गया। सूर्यास्त के पश्चात धमार्नुरागी शिष्य समुदाय को महाराजश्री ने सम्बोधित कर वृद्धाम्बिका को अर्पित हलवापुड़ी का प्रसाद वितरित किया। आज के इस कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री श्रीमान केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में आने वाले थे लेकिन प्रशासन द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार उनका हेलीकाप्टर खराब हो गया जिससे वे उपस्थित नहीं हो सके। उनके न आने से भाजपा से जुड़े कार्यकताओं पदाधिकारियों में निराशा व्याप्त हुई। क्षेत्रीय जनता भी आशान्वित थी कि उनके आगमन से जिले की खस्ताहाल सड़कों में कुछ सुधार होगा तथा स्थानीय समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया जाएगा किन्तु




ऐसा सम्भव नहीं हो सका।आम जन उनके न आने के पीछे राजनीति कारणों की चर्चा दिनभर करते रहे। मंचीय उदबोधन में महाराजश्री ने कहा कि सन्त के हृदय में शांति और क्रांति दोनों पलती है।धर्मसत्ता राजसत्ता के अधीन नहीं होती है।सन्तमहात्माओं का हृदय उस राख की भांति होता है जिसके नीचे चिंगारी दबी होती है। अगर राख को कोई हवा देगा तो वह दबी हुई चिंगारी ज्वाला बन जाती है। मठ द्वारा लोक कल्याण के लिए ही अनुष्ठान ,यज्ञ ,हवन ,पूजन का क्रम निरन्तर चलता रहता है और आगे भी चलता रहेगा। शिष्य समुदाय पीठ की अमानत है। इसकी चिंता करना मठ का परम कर्तव्य है। हथियाराम मठ एक आधात्मिक केंद्र है और राजनीतिक गतिविधियों से इसका कोई लेना देना नहीं है। यहां के शिष्य विभिन्न राजनीतिक संगठनों जुड़े हुए हैं और उनका प्रयास अपने शीर्ष नेतृत्व को इस आध्यत्मिक पीठ से जोड़ने का रहता है। इसी क्रम में यहां निरन्तर सबका आना जाना लगा रहता है। इसका यह कत्तई अर्थ नहीं है कि मेरा कोई निजी राजनीतिक सरोकार है। कार्यक्रम में मंच पर प्रांतप्रचारक द्वय श्रीराम सिंह और रमेशजी सहित लोकसेवा आयोग के सदस्य प्रोफेसर रामजी मौर्य तथा प्रोफेसर हरेश प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन सादात ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. सन्तोष कुमार सिंह यादव ने किया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में साध्वी निष्ठा दीदी ,समाजवादी पार्टी के विधायक डॉ वीरेंद्र यादव ,कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रत्नाकर त्रिपाठी,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक श्रीमान कमलेश जी,श्रीमान प्रेमसागर जी,जौनपुर सहविभाग कार्यवाह श्रीमान आनंद कुमार मिश्र,जिला कार्यवाह डॉ. नागेंद्र सिंह,अशोक चौहान, सर्वेश पांडेय,गोविंद यादव, मनीष सिंह, डॉ. इंद्रजीत सिंह वैभव होटल वाराणसी के मालिक श्री जितेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बन्धु उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत मे भुड़कुड़ा महाविद्यालय में अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ सन्तोष कुमार मिश्र ने अतिथियों सहित शिष्य समुदाय और कार्यकर्ता बन्धुओं के प्रति आभार प्रकट किया।

## डा. सोनेलाल पटेल के 12वी परीनिर्माण दिवस पर मिर्जापुर सीटी क्लब पहुंचे कार्यकर्ता किया गया गोष्ठी



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। अपना दल एस विधानसभा की मासिक बैठक इमिलिया चट्टी जोन के वैरम पुर के पुर्व प्रधान शंकर सिंह पटेल जूनियर हाई स्कूल में की गई जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष गिरीश चन्द्र पटेल ने किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश कुमार पटेल प्रदेश अध्यक्ष सहकारीता मंच व विशिष्ट अतिथि दुखरन सिंह शालिक राम पटेल व संचालन कर्ता अरुणेश कुमार पटेल अपना दल एस युवा नेता व जिला सहकारी बैंक डारेक्तर मिजार्पुर सोनभद्र ने किया मुख्य अतिथि रमेश पटेल ने सम्बोधित करते हुए कहा की पार्टी को मजबुत बनाये और हर घर पर झान्ड़ा लगाने का कार्य करे और पार्टी को बूथ से जिताने का काम करे वही अपना दल एस युवा नेता अरुणेश पटेल ने कहा कि 17 अक्टूबर को डा0 सोनेलाल पटेल के 12वी परीनिर्माण दिवस पर मिजार्पुर सीटी क्लब में पहुचे और कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य करे वही उन्होंने कहा कि आप सभी लोग पार्टी की रीड की हड्डी का कार्य करे आप कार्यकर्ता ही पार्टी हो जिताने का कार्य करते हैं अगर हमारा बूथ मजबूत होगा तभी हमारा यूथ व पार्टी मजबूत होगा और 2022 विधानसभा चुनाव को जीत कर बहन अनुप्रिया पटेल के हाथो को मजबूत बनाने का कार्य करे वही इस मासिक बैठक में दर्जनो लोगो ने पार्टी को ज्वाइन किये इस मौके पर सूर्यप्रकाश सिंह पटेल, संदीप पटेल, विनोद गिरी, इन्दुर्जीत सिंह, धर्मेंद्र मौर्या, अरविंद मौर्या, सदानन्द मौर्या, सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

## नगर पंचायत की चूक से वार्ड में किसी दिन हो सकता है बलवा

प्रखर खेतासराय जौनपुर। नगर पंचायत खेतासराय की तानाशाही रवय्ये के कारण सरवरपुर वार्ड के बाशिंदे परेशान है,उनके घरों का गंदा पानी निजीय भूभाग पर गिर रहा है।बार बार शिकायत के बाद भी प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान की खुली धज्जियां उड़ाई जा रही है।जबकि उसी एरिया के खाली भूभाग और मकान तक इंटरलॉकिंग बिना टेंडर के ही करने का आरोप है।नाली का निर्माण न होने की वजह से चारों गन्दा पानी पैर पसार रहा।लापरवाही का आलम यह है कि नगर पंचायत के जिम्मेदार इस से नजर फेर ले रहे है। बताया जाता है कि उक्त वार्ड के पुराने थाना के सामने बाशिंदे नगर पंचायत की तानाशाही का अभी भी दंश झेल रहे है,लोगों ने काफी दबाव बनाया लेकिन नगर पंचायत प्रशासन की सेहत पर कोई असर नही पड़ा।उसी मुहल्ले में जब एक प्लाटर ने जमीन खरीद कर कमर्शियल बिक्री शुरू किया तो नगर पंचायत मेहरबान हो गया।आरोप है कि बिना टेंडर के ही खाली भूभाग सहित आबादी वाले क्षेत्र में इंटरलॉकिंग करा दिया।इस मामले को नगर पंचायत के सभासदो ने खूब हंगामा किया था। हालाकि उक्त वार्ड निवासी फय्याज अहमद, सईद अहमद,मुशीर अहमद, डब्लू अहमद नगर पंचायत से लेकर डीएम तक उक्त इंटरलॉकिंग के लिए दौड़ लगाते रहे लेकिन उनकी एक नही सुनी गई।प्लाटर के नजरो करम से मार्ग तो बन गया लेकिन आबादी वाले क्षेत्र में नाली का निर्माण न होने की वजह से गन्दा पानी सड़क पर बह रहा है।निजीय जमीन पर विवाद की आशंका बढ़ गयी है,किसी दिन बलवे का रूप ले सकता है।

## पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन गांजे बाजे के साथ अहरौरा नगर भ्रमण करा कर अहरौरा बांध में किया गया। नगर के गोला पांडेय जी दक्षिणी फाटक,गोला सहुवाइन,चौक बाजार इत्यादि स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भक्तों द्वारा खरंजा , चौंक बाजार ,सत्यानगज होते हुए बुढ़ादेई में ले जाकर वहां से वाहन द्वारा अहरौरा बांध में ले जाकर किया गया । इस दौरान भक्तों ने जमकर मां का जयकारा लगाएं और अबीर गुलाल उड़ाए । शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए थे ।

## पूर्व सांसद अर्जुन सिंह की मनाई गई पुण्यतिथि

प्रखर खेतासराय/जौनपुर। पूर्व सांसद स्वर्गीय अर्जुन सिंह यादव के 23 वी पुण्यतिथि पर सर्व हितेषी इंटर कॉलेज मसीदा परिसर में खेल प्रतियोगिताओं के साथ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 205 महिला एवं पुरुष ने चिकित्सीय परीक्षण कराकर उन्हें निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। स्वर्गीय अर्जुन सिंह यादव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। पूर्व सांसद स्वर्गीय अर्जुन सिंह यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर आर्थो विशेषज्ञ डॉ एमपी यादव ने कहा कि अर्जुन सिंह एक महान शख्सियत थे , उन्होंने समाज में सबको एक माला में पिरोकर विकास करने का काम किया । डॉ अवनीत सोनकर ने कह उनके राजनीति मे सभी वर्ग धर्मों के लिए बिना किसी भेदभाव के विकास और लोगों की मदद में जुड़े रहते थे। डॉ नाजिया बानो एवं डॉ विनीता यादव ने भी उनके जीवन चरित्र प्रकाश डाला। समाजसेवी अर्जुन यादव ने कहा कि सांसद जी ने शिक्षा क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान दिया उन्होंने सैकड़ों एकड़ जमीन देकर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की स्थापना कराई। आयोजनकर्ता सपा नेता अमित यादव कहां के उनके जीवन चरित्र से बहुत कुछ सीखने को मिला है उनकी कमी हमेशा खलेगी। इस अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 205 लोगों का स्वास्थ्य एवं रक्त परीक्षण परीक्षण के साथ जरूरतमंदों को दवाओं का निशुल्क वितरण किया । इस अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के फाइनल मैच में राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज बारीगांव ने 21-14 से पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहंदीगंज को हराकर विजेता बनी। जबकि तीसरे स्थान पर करंजाकला की टीम रही। बालिका वर्ग में कुल 6 टीमों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में जीवनदान हॉस्पिटल नेवढिया ने ओम साईं क्लब को फाइनल मैच में 23 - 17 से हराया। बालक वर्ग में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता टीमों को डा अमित यादव व अतिथियों ने सामूहिक रूप से पुरस्कार वितरण किया । रेफरी राकेश यादव ,रवि यादव एवं निर्णायक करण, गुलाब ,सुरेश ,लालसाहब ,दर्शन रहे। अध्यक्षता कामरेड विजय यादव ऊदल ने की। संचालन एडवोकेट आरडी यादव ने किया। आभार स्वर्गीय अर्जुन के बड़े बेटे अमित यादव ने जताया ।इस मौके पर चन्द्रभूषण, रामप्रसाद, अशोक कुमार अनिल एडवोकेट, मंनदीप चौधरी , सुदर्शन ,वीरेंद्र, अरूण ,राममिलन, मधुकर, मुन्नालाल, रामनयन ,दीपक यादव, मौजूद रहे।

## अफवाह ने लिया उग्र रूप थाने पर पथराव थानाध्यक्ष का सिर फटा कई पुलिसकर्मी घायल पुलिस बल तैनात

प्रखर गाजीपुर। अफवाह वह विनाशकारी हथियार है जो बुझी राख की ढेर से चिंगारी सुलगा कर अमन शांति के आशियाने को तबाह कर देती है।ऐसा ही कुछ हुआ जनपद के उत्तरी छोर पर स्थित मरदह थाने पर। मरदह बाजार में गुरुवार की रात रामलीला में मारपीट की घटना ने शनिवार को बड़ा रूप ले लिया। भाजपा जिलापंचायत सदस्य और मंडल अध्यक्ष शशिप्रकाश सिंह को रामलीला में गांव के कुछ लोगों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया था,शशिप्रकाश को सिर में गंभीर चोटें भी आई थी। पुलिस ने नामदज आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपित युवक बंटी राजभर सहित कई लोगों को शुक्रवार की रात्रि गिरफ्तार कर लिया। तभी पुलिस हिरासत में बंटी राजभर की पुलिस द्वारा पीट कर मौत के घाट उतारने की अफवाह किसी ने कस्बे में फैला दी।जबकि बंटी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।वो बिल्कुल ठीक है। बंटी की मौत की अफवाह सुन कर उग्र सैकड़ो महिलाओं सहित ग्रामीणों ने थाने पर पथराव करना शुरू कर लिया। पथराव में मरदह थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार का सिर फट गया।साथ ही साथ कई महिला और पुरुष कांस्टेबल को भी चोटें आई है। समाचार लिखे जाने तक सैकड़ो की संख्या में लोग मरदह बाजार में मरदह-कासिमाबाद पर जाम लगाए हुए थे।ग्रामीण का आरोप है कि बीती रात पुलिस ने घर मे घुसकर कई लोगों को मारा-पीटा है।मौके पर पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह सहित भारी पुलिस बल तैनात है। सीओ कासिमाबाद विजय आनंद शाही ने बताया कि पुलिस ने नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसको लेकर एक समाज के लोग मरदह बाजार में घण्टों से जाम लगाए हुए है।पुलिस कस्टडी में आरोपी युवक की पिटाई का मामला सरासर गलत है सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाकर केवल पुलिस के खिलाफ प्रोपोगेंडा बनाया गया है।दोषियों को बक्सा नही जाएगा।




## उपनिरीक्षक की मौत से थाना हुआ गमगीन

प्रखर मनिहारी (गाजीपुर)। शादियाबाद थाने पर तैनात उप निरीक्षक होरीलाल यादव(45)की शुक्रवार की देर रात्रि अज्ञात बिमारी के चलते निधन हो गया। होरीलाल यादव पिछले कुछ दिनो से बिमार भी चल रहे थे। शुक्रवार की रात्रि तबियत बिगड़ने पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी ले गए जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस के लोग शव को थाने लेकर चले आए।और इसकी सूचना परिजनों को दी। वह ग्राम व पोस्ट कछवां थाना कछवां जिला मिजार्पुर के मूल निवासी थे। मृत्यु की सूचना पाकर परिवार के लोग थाने पहुंच गए।एक तरफ जहां थाना परिसर का माहौल पूरा गमगीन बना गया वहीं पत्नी प्रेमा देवी व बच्चों का रो रोकर बुरा हाल था।

## भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन के विस्तार पर जोर, बनाई रणनीति

प्रखर जौनपुर।भारतीय जनता पार्टी के शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक जिला संयोजक रविकांत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पार्टी के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर की। उसके उपरांत मुख्य अतिथि एव विशिष्ट अतिथि का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया एवं नवनियुक्त मंडल के मंडल संयोजक का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बतौर मुख्यातिथि क्षेत्रीय संयोजक काशी क्षेत्र डॉ कमलेश झा ने शिक्षक प्रकोष्ठ की सदस्यता बढ़ाने पर तथा मंडल बैठक का आयोजन करने पर जोर दिया तथा विधानसभा सम्मेलन के साथ क्षेत्रीय सम्मेलन के आयोजन पर विस्तार से विचार विमर्श कर भाजपा की नीति को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया, मुख्य वक्ता के रूप प्रदेश सह संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने सदयस्ता अभियान को प्रमुख रूप से अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों को सदस्य बनाये जाने पर जोर दिया और प्रकोष्ठ को लेकर रूप रेखा बनाई। जिला संयोजक रविकान्त सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी गुरुजनों एवं शिक्षकों का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री सुशील मिश्रा कहा कि पार्टी के लिए कार्यकर्ता स्थायी व चिरंजीवी है, सुशासन हमारा मंत्र और अंत्योदय हमारा लक्ष्य है, अमित श्रीवास्तव हमारे लिए व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश है, भारत कैसे श्रेष्ठ बने यही हमारे केन्द्र में रहता है।




## केशव प्रसाद मौर्य के हथियाराम नहीं पहुंचने पर महंत ने जताई नाराजगी कहा यह जानबूझकर किया गया कृत्य है जिसका जवाब जनता देगी

प्रखर जखनियां गाजीपुर। जिस विश्वविख्यात सिद्ध पीठ से गाय गंगा गांव संस्कृति संस्कार व धर्म रक्षा के लिए कृत संकल्पित अविरल धारा प्रवहमान होती हो जहां कर्म प्रधान पर विश्वास रखने वाले सिद्ध पीठ के संत शांति व क्रांति दोनों को अपने अंदर समाहित किए हों ,राष्ट्र रक्षा के लिए आवश्यकता पड़ने पर जहां का संत समाज अपने आप को सबसे आगे खड़ा नजर आता हो ऐसे सिद्ध पीठ और पीठाधिपति के साथ छलावा पूर्ण राजनीतिक कृत्य अशोभनीय ही नहीं अमर्यादित भी है। सत्ता के मुखर विरोधी तो यहां तक कहने लगे की संत समाज एव? धार्मिक आस्थाका हथियार बनाकर सत्ता की कुर्सी तक पहुंच बनाकर हिन्दुत्व का ढिंढोरा पीटने वाले लोगों के कथनी और करनी में अंतर छुपता नही।और छलावा भोली भाली जनता को अब पचने वाला भी नहीं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के छोटे मुखिया का जनपद गाजीपुर के तहसील जखनियां के हथियाराम विश्वप्रसिद्ध सिद्ध पीठ एवं पीठाधिपति के यहां पहले से निर्धारित कार्यक्रम में ऐन मौके पर न आना यहां तक की अपना कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से रद्द किए जाने का संदेश भिजवाना जहां मौके पर उपस्थित भीड़ को गलत संदेश दे गया वहीं सिद्ध पीठ के पीठाधीश्वर महामण्लेश्वर भवानी नंदन यति जी महाराज का दिल भी दुखा गया। विपक्षी दलों को तो जैसे राख से सुलगती चिंगारी को हवा देने का मौका ही मिल गया। मौके पर जुटी भारी भीड़ में जितने मुंह उतनी बातें हो रही थी। बहरहाल उपमुख्यमंत्री के नहीं आने के पीछे लोगों द्वारा तरह तरह के कयास लगाए जाने लगे जैसे अस्वस्थता,अन्यत्र आवश्यक सरकारी काम के जिम्मेदारी की व्यस्तता,वाहन तक्नीकी में गड़बड़ी , किसान नेताओं का विरोध प्रदर्शन अथवा अंदरखाने सबकुछ ठीक-ठीक नहीं होने का संकेत आदि। परन्तु एक बात तो साफ है कि उपमुख्यमंत्री के नहीं आने से दिन रात एक कर की गई तैयारी धरी की धरी रह गई। गौरतलब हो कि हथियाराम मठ में दशहरा पर्व पर शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आने का कार्यक्रम अचानक रद हो गया। उनके स्वागत, सुरक्षा की सारी तैयारी धरी की धरी रह गई। तय कार्यक्रम से करीब डेढ़ घंटे पहले प्रशासन को सूचना मिली की उप मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से निरस्त हो गया है। हथियाराम मठ में विशेष रूप से उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने को जिले के सुदूर हिस्से से पहुंचे भाजपा कार्यकताओं, नेताओं को मायूस होकर लौटना पड़ा। सुरक्षा के लिहाज से मठ परिसर और आसपास लगे अतिरिक्त सुरक्षा टुकड़ियां भी लौट गई। गाजीपुर के हथियाराम मठ में आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को शुक्रवार दोपहर शामिल होना था। अचानक उनके नहीं आने की सूचना फिर वर्चुअल तरीके से कार्यक्रम मे शामिल की बात आई। निर्धारित समय के बावजूद उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल नहीं होने की कोई सूचना नहीं दी। केशव प्रसाद मौर्य के हथियाराम नहीं पहुंचने पर भवानीनंदन यति ने नाराजगी जताया और इसे जानबूझकर किया कृत्य बताया। दशमी पूजन कार्यक्रम के बाद भक्तों को संबोधित करते हुए भवानीनंदन यति ने कहा कि सीएम और पीएम आते जाते रहते हैं। जनता को इसकी जानकारी है। हथियाराम मठ के कार्यक्रम में भागीदारी नहीं करके जिनलोगों ने अपमानित करने का कार्य किया है उसका तत्काल फल उसे अवश्य मिलेगा । हालांकि निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप भवानीनंदन यति ने हथियाराम मठ में दशमी पूजन और शमी पूजन संपादित किया। हवन पूजन के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद विधायक वीरेंद्र यादव की मौजूदगी में शमी पूजन किया गया।



## किसान मोर्चा व किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया

प्रखर केराकत जौनपुर। विधानसभा क्षेत्र केराकत के मंडल केराकत अंतर्गत ग्रामसभा उदयचंदपुर में भाजपा किसान मोर्चा विधानसभा केराकत द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन में सहभाग करते हुए सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों और अपने विकास कार्यो का ब्यौरा रखा। उक्त अवसर पर विधानसभा के प्रभारी श्री राजेश्वरी सिंह जी, विस्तारक श्री वेंकटेश उपाध्याय जी, जिला उपाध्यक्ष श्री बृजेश सिंह जी, जिला मंत्री श्री महेंद्र प्रजापति जी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नए भवन में पूजन हवन के बाद भंडारा जा किया गया आयोजन

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। दो मंजिला नगर पालिका परिषद का कार्यालय,पुराने से नए कार्यालय भवन मे शिफ्ट हो गए। दिन बुधवार को नवरात्रि के शुभ अवसर पर महानवमी के दिन अहरौरा पालिका अध्यक्ष गुलाबदास मौर्य द्वारा विधिवत पूजन कर कार्यालय में भंडारा का आयोजन किया गया। इस भंडारा लगभग पांच हजार लोग प्रसाद के रूप में ग्रहण किये।वही दो मंजिला नपाप कार्यालय भवन का बत्ती,झालर,लाइटिंग, फूल माला से दुल्हन की तरह सजाया गया। बत्ती,जिससे नवरात्र में पुराने कार्यालय को नए कार्यालय भवन में शिफ्ट कर दिया गया।पालिक अध्यक्ष गुलाब मौर्य ने बताया कि इस नए कार्यालय भवन का नवरात्रि के पावन पर्व पर कार्यालय पर विधिवत पूजन किया गया। और उद्घाटन उत्तर प्रदेश के आदित्य नाथ योगी के द्वारा लोकार्पण करके शिला पट्ट लगाया जाएगा। इस भवन के पूजन में अहरौरा चेयरमैन गुलाब मौर्य,ईओ नवनीत कुमार सिंह,सभासद आनंद कुमार, कृष्णा तिवारी, मुरारी यादव,रामचन्द्र भारती के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, रामजयश्री अग्रहरि, जयकिशन जायसवाल, आशीष अग्रहरि, अजय गुप्ता, हिमांशु सैनी, नपाप कर्मचारी माता सिंह,नीतीश केशरी,बबलू सोनकर,चन्दन प्रजापति, चंदन कुमार के साथ लगभग पांच सौ लोग प्रसाद ग्रहण किये।

### पतरही बाजार में समाजसेवी सत्येन्द्र सिंह ने आर्या साईकिल एजेंसी का किया उद्धघाटन



प्रखर पतरही जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोपा में स्थित पतरही बाजार कोपा बहिरी मोड़ त्रिमुहानी पर आर्या साईकिल एजेंसी व ग्राहक सेवा केन्द्र फिनो बैंक का समाजसेवी सत्येन्द्र सिंह ने किया उद्धघाटन इस अवसर पर मनोज सिंह, पंकज सिंह, सुनील सिंह,राजू सिंह, राहुल सिंह ,समाजसेवी मुकेश सिंह "गेंदी",शुभम सिंह,सोहन सिंह,सुशील सिंह, जयविन्द सिंह ,सुमित सिंह,सुरेंद्र जायसवाल ,विवेक सिंह "डब्बू",मोनू सिंह ,साहिल सिंह ,नीरज दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव घोषित

प्रखर चिरईगाव वाराणसी। उत्तर प्रदेशिय प्राथमिक शिक्षक के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशचंद्र शर्मा जी के निर्देश पर संघ के ब्लॉक इकाई चिरईगांव का त्रैवार्षिक अधिवेशन/ निर्वाचन दिनांक 31 अक्टूबर 2021 दि'न रविवार को 10 बजे से ू१ चिरईगांव पर निर्धारित किया गया है। उपरोक्त निर्वाचन को सम्पन्न कराने हेतु चुनाव अधिकारी के रूप में श्री सुरेन्द्र यादव जिलाध्यक्ष गाजीपुर व श्री कमलेश यादव ब्लॉक अध्यक्ष सैदपुर गाजीपुर तथा पर्यवेक्षक के रूप में श्री अरबिन्द शुक्ला जिलाध्यक्ष जौनपुर /मांडलिक मंत्री वाराणसी मण्डल उपस्थित रहेंगें। ब्लॉक अध्यक्ष चिरईगांव श्री ज्योति भूषण त्रिपाठी ने चिरईगांव के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व कम्पोजिट विद्यालय के सभी अध्यापक भाइयों व अध्यापिका बहनों से इस निर्वाचन में भाग लेने की अपील की है।

### मेघनाद द्वारा बम्हमास्त्र का प्रयोग करके लक्ष्मण को शक्ति बाण मारा



प्रखर चौबेपुर वाराणसी। रामबाग गोकुलपुर में श्री लक्ष्मण और मेघनाद के बीच घनघोर युद्व चल रहा था।लडते लडते मेघनाद और लक्ष्मण जी को क ई दिन हो चुके थे।तक मेघनाद को याद कि जब वह इन्दजीत को युद्व मे जीता था।उसी समय बम्हाजी की दी ग ई।बम्हशक्ति इन्दजीत मे ले लिया था।यह म्हशक्ति है बम्हा की जो बम्हलोक से आई है।

जिस समय इन्द को जीता था ।
यह जीता उसी मे पाई है ।।
इसका मारा बचता ही नही ।
दिन उगते प्राण गवाता है ।।

तब मेघनाद ने लक्ष्मण के उपर बम्हास्त्र का प्रयोग किया।और लक्ष्मण को शक्तिबाण मारा।जिससे की वह मुर्छित हो गये।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सिंधोरा की मूर्ति हुई विसर्जित

प्रखर पिंडरा वाराणसी। ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को ही पंडालों में स्थापित दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया लेकिन सिंधोरा पुरानी बाजार में नवयुवक दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमा बैंड बाजा व महिषासुर वध के चित्रण बाहर से आये कलाकारों द्वारा ट्रैक्टर पर करते हुए बाजार के पूर्वी छोर पर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मन्दिर के पास स्थित पोखरे पर पहुचे और जयकारे के साथ विसर्जित किया गया। शनिवार को सायँ 6 बजे निकले विसर्जन जुलूस में काफी संख्या में भक्तगण शामिल हुए और अबीर गुलाल के साथ माँ दुर्गा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। मिश्रित आबादी के बाद विसर्जन स्थल होने के कारण भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। इस दौरान समिति के सचिव राजेश साहू, अध्यक्ष रोहित बरनवाल, कोषाध्यक्ष पंकज जयसवाल, उपाध्यक्ष सुरेश मधुकर, अखिलेश जायसवाल, मुकेश साहू, शशीकांत जायसवाल, डब्बू जायसवाल, सोनू मोदनवाल समेत अनेक लोग रहे।

### अन्न दाता मंच, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र बर्खास्तगी का किया मांग

प्रखर अहरौरा, (जमालपुर), मीरजापुर। द्वारा केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी की बर्खास्तगी की मांग को लेकर विरोध स्वरूप रावण,कुम्भकरण, मेघनाथ के पुतले को जल समाधि दिया जाना था। लेकिन सुबह ही थानाध्यक्ष जमालपुर व चौकी प्रभारी शेरवां मय फोर्स द्वारा अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह को उनके आवास पर ही नजर बंद कर दिया गया,साथ ही पुतला के जलसमाधि वाले कार्यक्रम स्थल पर शासन द्वारा पीएसी बल सहित भारी फोर्स लगा दिया गया। किसान नेता चौधरी रमेश सिंह ने कहा कि सरकार किसानों से काफी डर गई है,इसीलिए पुलिस के द्वारा उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। चौधरी रमेश सिंह ने कहा कि जबतक कृषि बिल वापस नहीं होगा तब तक ऐसे ही किसानों का आंदोलन चलता रहेगा। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अगला कार्यक्रम 18 अक्टुबर को रेल रोको आंदोलन मे अन्न दाता मंच, जमालपुर, मीरजापुर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगा और नजदीकी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका जायेगा। साथ ही अन्न दाता मंच सभी सम्मानित किसान भाईयों से अपील करता है कि आप लोग अधिक से अधिक संख्या में रेल रोको आंदोलन में पहुंचने की कोशिश करेंगे।

# शाइन सिटी का एक व जालसाज 50 हजार का इनामी कोलकाता से गिरफ्तार नसीम बंधुओं पर इनाम बढ़ाकर हुआ पांच-पांच लाख

प्रखर डेस्क। करोड़ों के शाइन सिटी फजीर्वाड़ा मामले में फरार चल रहे आर्यन भार्गव को वाराणसी पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है. मूल रूप से जौनपुर के हरिद्वारी गांव का रहने वाला आर्यन इन दिनों हावड़ा में अपने एक रिश्तेदार के घर छुपा हुआ था. कोलकाता से 100 किमी दूर नवद्वीप धाम से जब वो ट्रेन के लौट रहा था, उसी वक्त पुलिस ने उसे चलती ट्रेन में दबोच लिया. पुलिस टीम सड़क मार्ग से उसे लेकर वाराणसी आ रही है। आर्यन शाइन सिटी में अमिताभ श्रीवास्तव की टीम में बिजनेस एसोसिएट था और 2 प्रतिशत कमीशन पर काम करता था. पड़ताल में पता चला है कि आर्यन करीब 50 से अधिक प्लाट बिकवा चुका है. आर्यन का एजेंट कोड ARYAN007 था. आर्यन की गिरफ्तारी से दो दिन पहले पुलिस ने बिहार के सीवान से मुश्ताक को भी गिरफ्तार किया है. मुश्ताक फरार चल रहे पांच लाख के इनामिया सीएमडी राशिद नसीम और एमडी आसिफ नसीम का बेहद करीबी था और हिसाब किताब संभालता था।फरार होने के



बाद मुश्ताक ने बिहार के सीवान में खुद का रियल इस्टेट कारोबार शुरू कर दिया था. दूसरी ओर लखनऊ से दिवाकर भी गिरफ्तार हुआ है. वाराणसी लाने के बाद आर्यन को पुलिस न्यायालय में पेश करेगी. वाराणसी के कैंट थाने में आर्यन के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं. कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद से ही आर्यन भार्गव फरार था. उस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया था. आर्यन की गिरफ्तारी के बाद पुलिस कमिश्नर वाराणसी ए सतीश गणेश ने पुलिस टीम को पचास हजार के इनाम की घोषणा की है। प्लाट और लुभावने स्कीम का लालच देकर करोड़ों का घोटाला करने वाली शाइन सिटी कंपनी के के सीएमडी राशिद नसीम और एमडी आसिफ नसीम फरार है. बताया जा रहा है कि राशिद साल 2018 में ही फरार होकर दुबई बस गया है और वहीं आसिफ भी है. दोनों ने वहां होटल कारोबार शुरू किया है. राशिद के संपर्क में रह चुके कर्मचारियों और एजेंटों की तलाश में लगातार दबिश देकर गिरफ्तारी की जा रही है. दो दिन पहले राशिद नसीम और एमडी आसिफ नसीम पर सरकार ने इनाम की राशि 50-50 हजार से बढ़ाकर पांच-पांच लाख रुपये कर दी गई है। यही नहीं फरार चल रहे आशीष कनौजिया, नितिन जायसवाल, जसीम खां, अभिषेक यादव और शाहिद पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है. पिछले महीने राशिद नसीम की पत्नी और एक महिला कर्मचारी को लखनऊ में पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था।

## बार -बार शिकायत करने पर भी नहीं सुन रही है प्रशासन ,फर्जी नोटरी के दम पर दरोगा करवा रहे है गरीब महिला की पैतृक जमीन पर कब्जा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बार -बार शिकायत करने पर भी नहीं सुन रही है प्रशासन ,फर्जी नोटरी के दम पर दरोगा जी करवा रहे है गरीब महिला की पैतृक जमीन पर कब्जा, कह रहे है घर में रहना है तो जमीन देकर कर लो सुलह दबंगों व भू-भाफियाओ के डर से लगभग एक महिने से अपने घर में नहीं रह पा रही है पीड़िता, घर पर आने पर गाली - गलौज कर ,करते है छेड़छाड़ स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयें शौचालय की रकम को डकार गयें भू-माफिया पूर्व प्रधानपति , अन्त्योदय कार्ड के राशन से होता है महिला का गुजर-बसर मामला फूलपुर थाना ग्राम सभा परसरा का है गरीब व बीपीएल धारक महिला कुसुमलता के बार-बार शिकायत करने पर भी नहीं सुन रही है। प्रशासन , भू-माफिया पूर्व प्रधान पति शिवचन्द हार्टन,रेलवे के लोको पायलट बृजेश कुमार व सतेन्द कुमार अपने साथियों के साथ गिरोह बनाकर व दरोगा जी को मैनेज कर फर्जी नोटरी के दम पर कर रहें है गरीब महिला की पैतृक जमीन पर अवैध रुप से कर रहे है कब्जा, महिला कुसुमलता ने कई बार जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों व पुलिस प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाही की गुहार लगाई किन्तु फूलपुर थाना के दरोगा जी महिला के पैतृक जमीन को दबंगो व भू-माफियाओं को दिलाकर जबरन सुलह करने के लिए बना रहे दबाव, दबंगों द्वारा महिला को लगभग एक महिने से खुद के घर मे नहीं रहने दिया जा रहा है दरोगा जी से शिकायत करने पर कह रहे है कि घर मे रहना है तो जमीन देकर कर लो सुलह, नहीं तो प्रधान जी करेगें परेशान । कह रहे है पूर्व प्रधान जी पर हम नहीं है कार्रवाई करने सक्षम , जान बचानी है तो कर लो सुलह।

## किसानों की सब्जियो को खाड़ी देश भेजा जा रहा हैं

प्रखर थानागद्दी (जौनपुर)। भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के प्रशिक्षण को लेकर चौपाल लगाई गई।जिसमे किसानों के हितों को लेकर चर्चाएं की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में केराकत विधायक दिनेश चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के इस सरकार में ढेरों लाभ मिले है पहले मंडी में किसानों को कई दिनों तक लंबी कतारों में रहकर अपनी फसल औने पौने दामो में बेचना पड़ता था।लेकिन वर्तमान सरकार में किसानों के फसलों के उचित दाम मिलते है।बिचौलियों से भी छुटकारा मिल गया है। विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह जिला उपाध्यक्ष मछलीशहर ने कहा कि अभी हाल ही में देश के एक हिस्से में एक अनुसूचित बच्चे को तालिबान के क्रूर आतंकवादियो की तरह काट दिया गया।किसानों के भेष में खालिस्तानी सरकार को बदनाम करने में जुटे है।

देश मे पहले किसानों के लिए जो बजट 33 हजार करोड़ का था 2021में वो बजट एक करोड़ 40

**किसान प्रशिक्षण को लेकर किसान मोर्चा ने लगाई चौपाल**

लाख हो चुका है। किसान क्रेडिट कार्ड बीजेपी के अटल जी ने लाया जिससे किसान 7 प्रतिशत पर लोन लेकर कृषि कार्य कर सकता है।लखीमपुर खीरी में हुई घटना के द्वारा किसानों को बदनाम करने के लिए विपक्षियों की सोची समझी रणनीति है। राजेश्वरी सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार किसानो के हित में लगातार कार्य कर रही है।अटल जी ने नारा दिया था जय किसान जय जवान जय विज्ञान का नारा दिया था। मोदी जी की सरकार उनके सपनों को साकार कर रही है। चौपाल का संचालन मछलीशहर किसान मोर्चा के महामंत्री सुदर्शन सिंह ने किया।मौके पर किसान मोर्चा जिलामंत्री रमेश सिंह, संदीप द्विवेदी,मंडल अध्यक्ष रामसमुझ निषाद,आदर्श चौबे,शैलेंद्र दुबे, किसान मंडल अध्यक्ष संजय पांडेय, प्रदीप पासी,उपाध्यक्ष इन्द्रसेन सिंह,सुरेश गुप्ता, हरिराम पाल,नीरज उपाध्याय, विधानसभा विस्तारक वेंकटेश,मीडिया प्रभारी शुभम विश्वकर्मा, रविंद्र।

## यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की धर्मपत्नी डिंपल यादव पहुंची वाराणसी बाबा श्री काशी विश्वनाथ का किया दर्शन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव की धर्मपत्नी डिंपल यादव 15 अक्टूबर शुक्रवार को विजयादशमी के पर्व पर वाराणसी पहुंची । बाबा श्री काशी विश्वनाथ दरबार में दर्शन पूजन करने के बाद डिंपल यादव ने वाराणसी मे कचहरी चौराहे के समीप स्थित एक मिष्ठान के दुकान राजश्री स्वीट पर मिठाई का स्वाद चखा। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहां की आज दशहरे का अवसर है और मैं सभी को इसकी शुभकामना देना चाहती हूं। हम लोग बाबा के दर्शन करने के लिए यहां आए हैं



और मुझे लगा कि मिठाई लेकरके मुझे घर जाना चाहिए तो यहां आई हूं। समाजवादी पार्टी के विजय रथ को ले करके उन्होंने कहा कि माता जी का आशीर्वाद लेकर आए हो तो मुझे लगता है कि बहुत ही सार्थक होगी यात्रा और एक नई सरकार बनेगी जो इस प्रदेश का भविष्य संवारने का काम करेगी। बीजेपी पर तंज कसते हुए डिंपल यादव ने कहा कि ये तो इनकी सोच और मानसिकता पर दशार्ता है इन्होंने तो हमारे किसान भाइयों को भी आतंकवादी बना दिया और इनकी यह जो सोच और मंशा है वह सही नहीं है जो देश के लिए बहुत हानिकारक और घातक साबित हो रही है।

## नाबालिक से रेप के आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर पुलिस ने गत अगस्त माह में 8 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ रेप के आरोपित युवक को शुक्रवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को उक्त आरोपित को पहचान के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी और अंततः नाबालिक के बयान के आधार पर आरोपित गिरफ्त में आया। बताते चलें कि फूलपुर के एक गांव निवासी एक 8 वर्षीय बच्ची के साथ अज्ञात युवक द्वारा 7 अगस्त की रात है रेप किया गया था। जिससे उसकी हालत भी खराब हो गई



थी और बीएचयू में उसका इलाज भी चला। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 376 ए व बी ,323, 506 भादवि 5 एम व 6 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने के साथ अभियुक्त के पहचान की तलाश में जुटी थी। पुलिस रात के अंधेरे में घटना होने व नाबालिक बच्ची की मनोदशा ठीक न होने के कारण लंबे समय से छानबीन में जुटने के साथ साक्ष्य जुटाने में लगी थी। इस दौरान एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेने के साथ अन्य संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर उनका डीएनए टेस्ट भी करवाया था। लेकिन कुछ हाथ नही लगा। पुलिस ने विवेचना के दौरान नाबालिक बच्ची व परिजनों के द्वारा बताए हुलिए से मेल खाने व नामजद होने के कारण अभियुक्त संदीप राजभर उर्फ सोनू पुत्र राजेन्द्र राजभर निवासी ग्राम निन्दनपुर थाना फूलपुर को बेलवा बड़ेपुर के पास से शुक्रवार को सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी मुन्नाराम धुसिया ने बताया कि उक्त प्रकरण को लेकर पुलिस हर पहलुओं पर छानबीन के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाले टीम में उ0नि0 अजय कुमार यादव, हेड कांस्टेबल तेज प्रताप यादव व प्रदीप यादव शामिल रहे।

## झाड़-फूंक कराने जा रही महिला की तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मौत

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित महूली चौराहे के समीप तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से साइटिका झाड़-फूंक के लिए पैदल जा रही महिला की मौत। चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार ,पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। मिली जानकारी के अनुसार रेशमा देवी पत्नी कल्लू पटेल उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम मेहंदीपुर अहरौरा साठिका के मर्ज से परेशान थी नित्य सुबह स्थानीय थाने के समीप प्राचीन दुर्गा जी मंदिर के पास किसी बैध के द्वारा साईटिका गठिया झाड़ने का कार्य किया जाता है वही यह महिला सड़क के किनारे से साईटीका झरवाने जा रही थी तभी तेज रफ्तार ट्रक ( यूपी 67 AT 3773 ) की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया सूचना पर थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकरशव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, वही मौके से चालक द्वारा छोड़कर फरार हुए ट्रक को अपने कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा करा लिया है।

## विधायक ने किया इंटरलॉकिंग का शिलान्यास

प्रखर बड़ागांव वाराणसी। पिण्डरा विधानसभा क्षेत्र के बड़ागांव विकास खंड क्षेत्र के हसनपुर गांव में मुख्य मार्ग से गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग के निर्माण एवं इंटर लाकिंग कार्य का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक डॉ अवधेश सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया।इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह की गरिमा मय उपस्थिति रही। विधान मंडल क्षेत्र विकास निधी योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन यह संपर्क मार्ग हसनपुर गांव को अनेई कपसेठी मुख्य मार्ग से जोड़ता है जिसके निर्माण और इंटर लाकिंग का कार्य खंड विकास कार्यालय बड़ागांव द्वारा कराया जा रहा है इस एक किलोमीटर लंबे निर्माण कार्य का



शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक द्वारा किया गया।इस अवसर पर अखिलेश सिंह महासचिव राष्ट्रवादी कांग्रेस मुंबई एवं मुंबई स्लम बोर्ड निरीक्षक के द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपना विचार व्यक्त किया। समारोह की अध्यक्षता कृपा शंकर सिंह द्वारा एवं संचालन सुमित सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य, श्याम लाल पुर्व ब्लाक प्रमुख सतेंद्र सिंह,पवन सिंह, मनोज सिंह,डी डी सिंह,लव कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान दिलीप सिंह, अभिषेक राजपूत, अरविंद मिश्रा सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भदोही पुलिस ने 35 लाख का गांजा किया बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

प्रखर भदोही। उत्तर प्रदेश की भदोही पुलिस ने 35 लाख रुपये की कीमत का 350 कुंतल गांजा बरामद किया है। पुलिस ने उस ट्रक को भी बरामद किया है जिसमें गांजा लदा था।






उड़ीसा से सस्ते में लाकर राज्य के विभिन्न हिस्सों में खपाया जाता था। पुलिस अंतर्राज्यीय गिरोह के दो मुख्य आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है। भदोही पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने पत्रकारों को बताया कि शुक्रवार रात करीब 10.40 बजे क्राइम ब्रांच व थाना ऊँज को मादक पदार्थो की तस्करी के सम्बंध में सूचना मिली। इस पर टीम ने घेराबंदी करके नेशनल हाइवे वाराणसी - प्रयागराज मार्ग पर ऊँज थाना के नवधन गाँव के पास एक ट्रक से 350 कुंतल गांजा बरामद किया है।जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रूपया है। इस मामले में दो आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित पवन कुमार यादव,अकबर टोम, थाना सिकन्दरा जनपद आगरा , और उसका साथी प्रमेंन्द्र सिंह, नवापुरा ,थाना सादाबाद, जिला हाथरस, शनि यादव, गणेश बिहार कालोनी, औरगांबाद जिला मथुरा, कपिल चौधरी उर्फ विष्णु चौधरी उर्फ केपी, सिकन्दरा मिलकर गांजे की तस्करी करते हैं। गिरोह के लोगों के अनुसार ट्रक के माध्यम से उड़ीसा के ब्रम्हपुर सस्ते दामों पर गांजा खरीद कर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों क्रमशः आगरा, गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली में महगें दामो पर बेचते है। गांजा बेचने के पश्चात जो पैसा मिलता है, उसे आपस में हिस्सेदारी के अनुसार बांट लेते है। पुलिस ने पवन कुमार यादव और प्रमेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है जबकि बाकि दो आरोपित वांछित है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 1700 रूपया नगद, एक मोबाइल और एक ट्रक भी बरामद किया है जिसकी कीमत 15 लाख बताया है। पुलिस के दावे के अनुसार कुल बरामदगी 50 लाख रुपए की बतायी गयी है। पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार की तरफ से गांजा बारामद करने वाली पुलिस टीम को प्रशस्तिपत्र के साथ 25 हजार के इनाम की घोषणा की गई है।

## प्राचीन दुर्गा मंदिर में भव्य देवी जागरण व झांकी का आयोजन

प्रखर खेतासराय जौनपुर। स्थानीय कस्बा स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य देवी जागरण व झांकी का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ राज्यमंत्री गिरीशचंद यादव के द्वारा किया गया, सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माला पहनाकर दीप प्रज्वलित किए उसके पश्चात पूरे संगठन के पदाधिकारियों को भेंट स्वरूप आई कार्ड पहनाकर सम्मानित कियें। मां भगवती



जागरण को सफल बनाने में हिन्दु युवा वाहिनी व मां दुर्गा सेवा मित्र मंडल और वरिष्ठ जनों का विशेष सहयोग रहा। जिनका नाम इस प्रकार है धर्मचंद गुप्ता, अजय सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, शुभम जायसवाल, गजेंद्र कुमार पांडेय, परमिंद्र मोदनवाल, प्रदीप सेठ, दीपक सेठ, डॉ.रविभूषण सिंह ,विक्की गुप्ता, श्रेयांश पाठक, अंकित मिश्रा , अनिल साहू, अमित कन्नौजिया, अतुल प्रजापति, अभिषेक बरनवाल, दुर्गेश बरनवाल, संदीप गौड़, विशाल सोनकर,मोहन प्रजापति, अतुल गुप्ता, शिवा सोनकर, शैलेश सोनकर, पवन सैनी, सूरज पाठक, गौरव पाठक, बृजेश मोदनवाल, सचिन सेठ, प्रकाश साहू ,आदि सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पद संचलन के दौरान हुई पुष्प वर्षा



प्रखर पुर्वांचल वाराणसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना दिवस के अवसर पर शिवदासपुर में शुक्रवार को भाजपा शक्ति केन्द्र संयोजक शिवानंद राजभर की टीम व रोहनियॉ मण्डल महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष लक्खी गुप्ता की ओर से कबीर नगर की पद संचलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में गणवेशधारी स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा किया जा रहा था।सभी गणवेशधारी ढोल संगीत वादन के साथ पद संचलन कर शिवदासपुर शिवमंदिर से मंडुआडीह थाने तक चल कर पुनः शिवमंदिर पर आकर लोगो को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।गढ़वेशधारी स्वयंसेवको में संदीप गुप्ता,शक्ति जायसवाल आदि प्रमुख रहे।

### प्राचीन दुर्गा मंदिर में भव्य देवी जागरण व झांकी का आयोजन



प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। नगर पंचायत खेतासराय के प्राचीन दुर्गा मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को भव्य देवी जागरण व झांकी का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ राज्यमंत्री गिरीशचंद यादव के द्वारा किया गया, सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माला पहनाकर दीप प्रज्वलित किए उसके पश्चात पूरे संगठन के पदाधिकारियों को भेंट स्वरूप आई कार्ड पहनाकर सम्मानित कियें। मां भगवती जागरण को सफल बनाने में हिन्दु युवा वाहिनी व मां दुर्गा सेवा मित्र मंडल और वरिष्ठ जनों का विशेष सहयोग रहा। श्रद्धालु जहां भक्ति मय गाने पर खूब झूमे वहीं गायकों का दिल भी बाग बाग हो गया।रात भर भक्ति मय वातावरण में लोग गोंता लगाते रहे। इस अवसर पर सहयोगी धर्मचंद गुप्ता, अजय सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा, शुभम जायसवाल, गजेंद्र कुमार पांडेय, परमिंद्र मोदनवाल, प्रदीप सेठ, दीपक सेठ, डॉ.रविभूषण सिंह ,विक्की गुप्ता, श्रेयांश पाठक, अंकित मिश्रा, अनिल साहू, अमित कन्नौजिया, अतुल प्रजापति, अभिषेक बरनवाल, दुर्गेश बरनवाल, संदीप गौड़, विशाल सोनकर, मोहन प्रजापति, अतुल गुप्ता, शिवा सोनकर, शैलेश सोनकर, पवन सैनी, सूरज पाठक, गौरव पाठक, बृजेश मोदनवाल, सचिन सेठ, प्रकाश साहू आदि सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी।शुक्रवार प्रातः लगभग 5:30 बजे मंडुवाडीह थानांतर्गत लहरतारा चौराहे पर ट्रक की चपेट में आने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी।मिली जानकारी के अनुसार कैंट की तरफ से आ रहे ट्रक WB 03 C 6229 की चपेट में आने से प्रातः घूमने निकले एक लगभग 70 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति गुलाब पुत्र स्व बुद्धिराम निवासी लहरतारा कबीरमठ पसियाना गली थाना मंडुवाडीह गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु ट्रामा सेंटर भेजा गया जहां उनकी मृत्यु हो गयी। मौके से ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

### दिव्यांगजनों एवं भूतपूर्व सैनिकों के परिवारों के लिये प्रत्येक 15 दिन पर निःशुल्क चिकित्सा कैंप लगाएगी सारिका होम्योपैथिक क्लिनिक

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जनपद के शिवपुर स्थित जगन्नाथपुरी कॉलोनी के सामने सारिका होम्योपैथिक क्लीनिक का उद्घाटन प्रख्यात गांधीवादी विचारक राम धीरज ने किया। इस अवसर पर सारिका होम्योपैथिक क्लीनिक की संचालक पंजाब के गुरु नानक देव होम्योपैथी कॉलेज की विद्यार्थी रही डॉक्टर सारिका राय द्वारा उद्घाटन के दिन गरीब जरूरतमंद परिवार के दर्जनों लोगों का निशुल्क चेकअप किया गया और उन्हें विभिन्न प्रकार की दवाइयां दी गई। डॉक्टर सारिका राय ने कहा कि उन्होंने जनसेवा के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में कदम रखा है वाराणसी के अंदर सारिका होम्योपैथिक क्लिनिक चिकित्सा क्षेत्र में मानवता के उच्च आदर्शों को स्थापित करने में अपना पूर्ण योगदान देगा। बताया कि हमारे क्लीनिक द्वारा दिव्यांग जनों एवं भूतपूर्व सैनिकों तथा सैनिक परिवारों हेतु हर15 दिन पर निःशुल्क चिकित्सा कैंप किया जाएगा। हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच कर उन्हें होम्योपैथी के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ देना होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मृत्युंजय राय, डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद राय, डाक्टर मुकुल प्रकाश, डाक्टर मनीष विश्वास, डॉक्टर संजीव मौर्या, रिटायर्ड पीसीएस शमसेर बहादुर सिंह, ईट्ट अशोक सिंह, शिवा राय, शौर्य राय, गौतम राय, अर्पित गिरी, आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं